**SET-1**

**Series SGN**

कोड नं.
Code No. **58/1**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **24** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **11** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **24** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# अर्थशास्त्र

# ECONOMICS

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* *दोनों खण्डों के **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उसके सामने दिए गए हैं ।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या **1 – 4** तथा **13 – 16** अति लघुत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक का **1** अंक है । इनका प्रत्येक का उत्तर **एक वाक्य** में ही अपेक्षित है ।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या **5 – 6** और **17 – 18** लघुत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के **3** अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः **60** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या **7 – 9** और **19 – 21** भी लघुत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के **4** अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः **70** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या **10 – 12** और **22 – 24** दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के **6** अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः **100** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(vii)* *उत्तर संक्षिप्त तथा तथ्यात्मक होने चाहिए तथा यथासंभव ऊपर दी गई शब्द सीमा के अंतर्गत ही दिए जाने चाहिए ।*

***General Instructions :***

*(i)* ***All** questions in both the sections are compulsory.*

*(ii)* *Marks for questions are indicated against each question.*

*(iii)* *Question Nos. **1 – 4** and **13 – 16** are very short-answer questions carrying **1** mark each. They are required to be answered in **one sentence** each.*

*(iv)* *Question Nos. **5 – 6** and **17 – 18** are short-answer questions carrying **3** marks each. Answers to them should normally not exceed **60** words each.*

*(v)* *Question Nos. **7 – 9** and **19 – 21** are also short-answer questions carrying **4** marks each. Answers to them should normally not exceed **70** words each.*

*(vi)* *Question Nos. **10 – 12** and **22 – 24** are long-answer questions carrying **6** marks each. Answers to them should normally not exceed **100** words each.*

*(vii)* *Answers should be brief and to the point and the above word limits should be adhered to as far as possible.*

## खण्ड अ

## SECTION A

**1.** सकारात्मक (आदर्शक) अर्थशास्त्र का एक उदाहरण दीजिए । *1*

State one example of positive economics.

**2.** स्थिर (निश्चित) लागत की परिभाषा दीजिए । *1*

Define fixed cost.

**3.** जब औसत उत्पाद (AP) अधिकतम होता है, तब सीमांत उत्पाद (MP) : (सही विकल्प चुनिए) *1*

(क) औसत उत्पाद के समान होता है

(ख) औसत उत्पाद से कम होता है

(ग) औसत उत्पाद से अधिक होता है

(घ) उपर्युक्त में से कोई भी हो सकता है

When the Average Product (AP) is maximum, the Marginal Product (MP) is : (Choose the correct alternative)

(a) Equal to AP

(b) Less than AP

(c) More than AP

(d) Can be any one of the above

4. जब 100 इकाई उत्पादन करने की कुल स्थिर लागत ₹ 30 हो और औसत परिवर्ती लागत ₹ 3 हो, तो कुल लागत होगी : (सही विकल्प चुनिए) *1*

(क) ₹ 3

(ख) ₹ 30

(ग) ₹ 270

(घ) ₹ 330

When the total fixed cost of producing 100 units is ₹ 30 and the average variable cost ₹ 3, total cost is : (Choose the correct alternative)

(a) ₹ 3

(b) ₹ 30

(c) ₹ 270

(d) ₹ 330

5. "किसके लिए उत्पादन किया जाय" की केन्द्रीय समस्या समझाइए । *3*

**अथवा**

"तकनीक के चयन" की केन्द्रीय समस्या समझाइए । *3*

Explain the central problem of "for whom to produce".

**OR**

Explain the central problem of "choice of technique".

6. बेलोच माँग से क्या अभिप्राय है ? पूर्णतया बेलोच माँग से इसकी तुलना कीजिए । *3*

What is meant by inelastic demand ? Compare it with perfectly inelastic demand.

7. एक वस्तु की कीमत पता होने पर एक उपभोक्ता यह कैसे तय करेगा कि वह उस वस्तु की कितनी मात्रा खरीदे ? समझाइए । *4*

**अथवा**

अनधिमान वक्र क्या है ? अनधिमान वक्रों की तीन विशेषताएँ बताइए । *4*

Given the price of a good, how will a consumer decide as to how much quantity to buy of that good ? Explain.

**OR**

What is Indifference Curve ? State three properties of indifference curves.

8. जब एक वस्तु की कीमत ₹ 4 प्रति इकाई से बढ़कर ₹ 5 प्रति इकाई होती है, तो इसकी बाज़ार पूर्ति 100 इकाई से बढ़कर 120 इकाई हो जाती है । पूर्ति की कीमत लोच का परिकलन कीजिए । क्या पूर्ति लोचदार है ? कारण दीजिए । *4*

When the price of a commodity changes from ₹ 4 per unit to ₹ 5 per unit, its market supply rises from 100 units to 120 units. Calculate the price elasticity of supply. Is supply elastic ? Give reason.

9. उच्चतम कीमत सीमा निर्धारण से क्या अभिप्राय है ? इसके परिणाम समझाइए । *4*

What is meant by price ceiling ? Explain its implications.

10. अनधिमान वक्र विश्लेषण द्वारा उपभोक्ता के संतुलन की शर्तें समझाइए । *6*

Explain the conditions of consumer's equilibrium using Indifference Curve Analysis.

11. सीमांत आगम (सम्प्राप्ति) और सीमांत लागत की सहायता से उत्पादक के संतुलन की शर्तें समझाइए । *6*

Explain the conditions of producer's equilibrium in terms of marginal revenue and marginal cost.

**12.** एकाधिकारी प्रतियोगिता की तीन विशेषताएँ बताइए । इनमें से कौन-सी विशेषता इसे पूर्ण प्रतियोगिता से भिन्न करती है और क्यों ? *6*

**अथवा**

निम्नलिखित के परिणाम समझाइए : *6*

(क) पूर्ण प्रतियोगिता में फर्मों के प्रवेश करने और उद्योग छोड़ने की स्वतंत्रता

(ख) अल्पाधिकार में ग़ैर-कीमत प्रतियोगिता

State three characteristics of monopolistic competition. Which of the characteristics separates it from perfect competition and why ?

**OR**

Explain the implications of the following :

(a) Freedom of entry and exit of firms under perfect competition

(b) Non-price competition under oligopoly

## खण्ड ब
## SECTION B

**13.** निम्नलिखित में से कौन-सा राष्ट्रीय आय को प्रभावित करता है ? (सही विकल्प चुनिए) *1*

(क) वस्तु एवं सेवा कर

(ख) निगम कर

(ग) आर्थिक सहायता

(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following affects national income ? (Choose the correct alternative)

(a) Goods and Services tax

(b) Corporation tax

(c) Subsidies

(d) None of the above

**14.** मुद्रा आपूर्ति की परिभाषा दीजिए । *1*

Define money supply.

**15.** केन्द्रीय बैंक ऐसा करके ऋण की उपलब्धता को बढ़ा सकता है : (सही विकल्प चुनिए) *1*

(क) पुनर्खरीद दर (रेपो रेट) बढ़ाकर

(ख) प्रति पुनर्खरीद दर (रिवर्स रेपो रेट) बढ़ाकर

(ग) सरकारी प्रतिभूतियाँ खरीदकर

(घ) सरकारी प्रतिभूतियाँ बेचकर

The central bank can increase availability of credit by : (Choose the correct alternative)

(a) Raising repo rate

(b) Raising reverse repo rate

(c) Buying government securities

(d) Selling government securities

**16.** उपभोग वक्र उद्गम से क्यों नहीं शुरू होता है ? *1*

Why does consumption curve not start from the origin ?

**17.** निम्नलिखित में से कौन-सी अंतिम वस्तुएँ हैं और कौन-सी मध्यवर्ती ? कारण दीजिए । *3*

(क) चाय स्टॉल द्वारा दूध की खरीद

(ख) स्कूल द्वारा बस की खरीद

(ग) स्कूल कैन्टीन से विद्यार्थी द्वारा जूस की खरीद

**अथवा**

सामान्य आय ज्ञात होने पर हम वास्तविक आय कैसे ज्ञात कर सकते हैं ? समझाइए । *3*

Which among the following are final goods and which are intermediate goods ? Give reasons.

(a) Milk purchased by a tea stall

(b) Bus purchased by a school

(c) Juice purchased by a student from the school canteen

**OR**

Given nominal income, how can we find real income ? Explain.

**18.** गुणक की परिभाषा दीजिए । सीमांत उपभोग प्रवृत्ति और गुणक के बीच क्या संबंध है ? यदि गुणक का मान 4 हो, तो सीमांत उपभोग प्रवृत्ति का परिकलन कीजिए । *3*

Define multiplier. What is the relation between marginal propensity to consume and multiplier ? Calculate the marginal propensity to consume if the value of multiplier is 4.

**19.** भारतीय रिज़र्व बैंक की "अंतिम ऋणदाता" के रूप में भूमिका समझाइए । *4*

Explain the role of the Reserve Bank of India as the "lender of last resort".

20. मुद्रास्फीतिकारी अंतराल से क्या अभिप्राय है ? इस अंतराल को कम करने के तीन उपाय बताइए । *4*

**अथवा**

समग्र (कुल) माँग से क्या अभिप्राय है ? इसके घटक बताइए । *4*

What is meant by inflationary gap ? State three measures to reduce this gap.

**OR**

What is meant by aggregate demand ? State its components.

21. सीमांत उपभोग प्रवृत्ति का मूल्य 0·6 है और अर्थव्यवस्था की प्रारम्भिक आय ₹ 100 करोड़ है । आय, उपभोग और बचत दिखाते हुए एक तालिका तैयार कीजिए । यदि स्वायत्त निवेश ₹ 80 करोड़ हो, तो आय का संतुलन स्तर भी दिखाइए । *4*

The value of marginal propensity to consume is 0·6 and initial income in the economy is ₹ 100 crores. Prepare a schedule showing Income, Consumption and Saving. Also show the equilibrium level of income by assuming autonomous investment of ₹ 80 crores.

22. निम्नलिखित के अर्थ समझाइए : *6*

(क) राजस्व घाटा

(ख) राजकोषीय घाटा

(ग) प्राथमिक घाटा

**अथवा**

सरकारी बजट के निम्नलिखित उद्देश्य समझाइए : *6*

(क) संसाधनों का आबंटन

(ख) आय असमानताएँ कम करना

Explain the meaning of the following :

(a) Revenue deficit

(b) Fiscal deficit

(c) Primary deficit

**OR**

Explain the following objectives of government budget :

(a) Allocation of resources

(b) Reducing income inequalities

**23.** (क) विनिमय दर में वृद्धि के राष्ट्रीय आय पर प्रभाव समझाइए । *6*

(ख) भुगतान संतुलन में 'घाटे' की अवधारणा समझाइए ।

(a) Explain the impact of rise in exchange rate on national income.

(b) Explain the concept of 'deficit' in balance of payments.

**24.** परिकलन कीजिए (क) बाज़ार कीमत पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद, तथा (ख) साधन (उपादान) लागत पर सकल घरेलू उत्पाद : *4+2=6*

| | | *(₹ करोड़ों में)* |
|---|---|---|
| (i) | किराया और ब्याज | 6,000 |
| (ii) | मज़दूरी तथा वेतन | 1,800 |
| (iii) | अवितरित लाभ | 400 |
| (iv) | निवल अप्रत्यक्ष कर | 100 |
| (v) | आर्थिक सहायता | 20 |
| (vi) | निगम कर | 120 |
| (vii) | विदेशों को निवल कारक आय | 70 |
| (viii) | लाभांश | 80 |
| (ix) | अचल पूँजी का उपभोग | 50 |
| (x) | नियोजकों द्वारा सामाजिक सुरक्षा अंशदान | 200 |
| (xi) | मिश्रित आय | 1,000 |

Calculate (a) Net National Product at market price, and (b) Gross Domestic Product at factor cost :

| | | (₹ *in crores*) |
|---|---|---|
| (i) | Rent and interest | 6,000 |
| (ii) | Wages and salaries | 1,800 |
| (iii) | Undistributed profit | 400 |
| (iv) | Net indirect taxes | 100 |
| (v) | Subsidies | 20 |
| (vi) | Corporation tax | 120 |
| (vii) | Net factor income to abroad | 70 |
| (viii) | Dividends | 80 |
| (ix) | Consumption of fixed capital | 50 |
| (x) | Social security contribution by employers | 200 |
| (xi) | Mixed income | 1,000 |